## साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)



# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

के अवसर पर

**प्राचार्या डॉ (श्रीमती) सीमा जैन**

द्वारा प्रस्तुत

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2023-2024

मुख्य अतिथिः-

**श्री दीपक धांगड़**

**नायब तहसीलदार महम**

# साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)

**वार्षिक प्रतिवेदन 23.02.2024**

द्वितीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**सौजन्य से:-**

**समस्त महाविद्यालय परिवार**

## महाविद्यालय परिचय

इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष **2014** में हरियाणा सरकार के द्वारा गांव मोखरा तथा आसपास के गावों में रहने वाली  छात्राओं को उनके घर के नजदीक लोकल लेवल पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने  के लिए गांव मोखरा खास में की गई । प्रारंभिक सत्र **2014-15** में कला तथा वाणिज्य संकाय दोनों में मिलकर कुल 93 छात्राओं ने महाविद्यालय में प्रवेश लिया । प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के आदेशानुसार वर्ष **2017** में इस महाविद्यालय का नाम बदलकर **साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)** कर दिया गया । वर्तमान में यह महाविद्यालय जिला रोहतक के मोखरा गांव के आसपास के गावों की छात्राओं को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देकर अपना नाम अर्जित कर रहा है।

महाविद्यालय में लगातार काम हो रही छात्राओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लड़कों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय को सह शिक्षा संस्थान में तब्दील करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा में पत्राचार किया गया है।

## महाविद्यालय परिवार

शिक्षा सत्र 2023-24 में महाविद्यालय में **201** छात्राएं हैं । महाविद्यालय में वर्तमान समय में केवल कला संकाय पढ़ाया जाता है तथा **प्राचार्या** महोदय के अलावा **10 नियमित प्राध्यापक और और प्राध्यपिकाएँ** कार्यरत हैं, जिसमें से 04 प्राध्यपिकाएँ अन्य महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर गई हुई है। कार्यालय में एक **सहायक, एक क्लर्क, एक स्टेनो** के अलावा महाविद्यालय में **एक एल0 ए0, एक जे0 एल0 ए0, एक कंप्यूटर अनुदेशक, एक कंप्यूटर लैब अटेंडेंट, एक लाइब्रेरी अटेंडेंट तथा छह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी** कार्यरत हैं । महाविद्यालय में कार्यरत स्टाफ का लेखाजोखा निम्नलिखित है:-

1. **टीचिंग स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** | **विषय** |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती सुनीता धनखड़ | सहायक प्रोफेसर | राजनीतिक विज्ञान |
| 02 | डॉ पूनम | एसोसिएट प्रोफेसर | अर्थशास्त्र |
| 03 | श्रीमती रचना देवी | सहायक प्रोफेसर | गणित |
| 04 | कुमारी कविता आनंद | सहायक प्रोफेसर | वाणिज्य |
| 05 | श्री ईश्वर सिंह | सहायक प्रोफेसर | इतिहास |
| 06 | श्रीमती सोनिया | सहायक प्रोफेसर | इतिहास |
| 07 | डॉ महक | सहायक प्रोफेसर | अर्थशास्त्र |
| 08 | श्री संदीप कुमार | सहायक प्रोफेसर | हिंदी |
| 09 | डॉ विनोद कुमार | सहायक प्रोफेसर | भूगोल |
| 10 | डॉ राजेश कुमार | सहायक प्रोफेसर | शारीरिक शिक्षा |

2. **नॉन-टीचिंग स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| 01 | श्री संदीप | सहायक |
| 02 | श्रीमती प्रभा | स्टेनो |
| 03 | श्री देवा सिंह | क्लर्क |
| 04 | श्री सुरेश कुमार | जे0 एल0 ए0 |
| 05 | श्री आशीष मलिक | एल0 ए0 |

3. **कंप्यूटर स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| **01** | श्री कृष्ण यादव | कंप्यूटर अनुदेशक |
| **02** | श्री रविंदर | कंप्यूटर लैब अटेंडेंट |

4. **लाइब्रेरी स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| 01 | श्री मोहित कुमार | लाइब्रेरी अटेंडेंट |

5. चतुर्थ श्रेणी स्टाफः-

| क्रम संख्या | नाम | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री प्रवीण कुमार | पीयन |
| 02 | श्री सुखबीर सिंह | पीयन |
| 03 | श्री मन्नू | माली |
| 04 | श्री दीपक | चौकीदार-कम-स्वीपर |
| 05 | श्री प्रमोद | चौकीदार |
| 06 | श्रीमती मुन्नी देवी | स्वीपर |

## आई0 क्यू0 ए0 सी0

महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों को शुरू करने, योजना बनाने और पर्यवेक्षण करने के लिए तथा महाविद्यालय में प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता की बढ़ने के लिए का गठन किया गया है।
वर्तमान में यह सेल **श्रीमती सोनिया सहायक, प्रोफेसर इतिहास** एवं डॉ **विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल** की अगुवाई में निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है।

<u>आई0 क्यू0 ए0 सी0 की जिम्मेवारियां:-</u>

1. संस्था में गुणवत्तापूर्ण संस्कृति का विकास।
2. शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों का समय पर, कुशल और प्रगतिशील प्रदर्शन सुनिश्चित करना।
3. सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और प्रसार सहित गुणवत्ता-संबंधी गतिविधियों के समन्वय के लिए संस्थान की एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना।
4. शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों की प्रासंगिकता और गुणवत्ता को जांचना।
5. शिक्षण और सीखने के आधुनिक तरीकों का अनुकूलन और एकीकरण।
6. समर्थन संरचना और सेवाओं की पर्याप्तता, रखरखाव और उचित आवंटन सुनिश्चित करना।
7. संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए गुणवत्ता बेंचमार्क/मापदंडों का विकास और अनुप्रयोग।
8. गुणवत्ता संबंधी संस्थागत प्रक्रियाओं पर छात्रों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों से फीडबैक प्रतिक्रिया की व्यवस्था।

## बर्सर

एक बर्सर महाविद्यालय में एक पेशेवर प्रशासक होता है जिसकी अकसर मुख्य रूप से वित्तीय भूमिका होती है। बर्सर के कर्तव्य एक संस्थान से दूसरे संस्थान में भिन्न-भिन्न होते हैं। कई संस्थानों में, बर्सर केवल छात्र वित्त से संबंधित होते हैं। अन्य संस्थानों में, बर्सर कुछ संकाय वित्त मुद्दों से भी निपटते हैं। बर्सर महाविद्यालय को बाहरी संगठनों से प्राप्त होने वाले भुगतानों की भी देखरेख करते हैं जिनके लिए वह सेवाएं प्रदान करता है। कुछ संस्थानों में, संस्थान के पास मौजूद सारा पैसा बर्सर की ज़िम्मेदारी है। साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा रोहतक में आर्थिक संसाधनों का लेखा जोखा और देख-रेख का कार्य **श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास** का है, जो महाविद्यालय में बर्सर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## रजिस्ट्रार

**श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी** महाविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर सुशोभित हैं । **श्री रविंदर एवं श्रीमती प्रभा** के सहयोग से इस कर्त्तव्य को पूर्ण निष्ठा व लगन से निभा रहे है ।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

पुस्तकालय वह स्थान है जहाँ विविध प्रकार के ज्ञान, सूचनाओं, स्रोतों, सेवाओं आदि का संग्रह रहता है। पुस्तकालय शब्द अंग्रेजी के लाइब्रेरी शब्द का हिंदी रूपांतर है। लाइब्रेरी शब्द की उत्पत्ति लेटिन शब्द लाइवर से हुई है, जिसका अर्थ है पुस्तक। पुस्तकालय का इतिहास लेखन प्रणाली पुस्तकों और दस्तावेज के स्वरूप को संरक्षित रखने की पद्धतियों और प्रणालियों से जुड़ा है।

पुस्तकालय यह शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-पुस्तक + आलय। पुस्तकालय उस स्थान को कहते हैं जहाँ पर अध्ययन सामग्री (पुस्तकें, पत्रपत्रिकाएँ, मानचित्र, हस्तलिखित ग्रंथ एव अन्य पठनीय सामग्री) संगृहीत रहती है और इस सामग्री की सुरक्षा की जाती है।

**डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल** महाविद्यालय में पुस्तकालय इंचार्ज के पद पर सुशोभित हैं । **श्री आशीष मलिक एवं श्री मोहित** के सहयोग से इस कर्त्तव्य को पूर्ण निष्ठा व लगन से निभा रहे है । महाविद्यालय के पुस्तकालय में **2332 पुस्तकें** हैं। सभी पुस्तकें लाइब्रेरी में प्रयोग होने वाले सोल सॉफ्टवेयर के मध्य से कम्प्यूटरीकृत हैं। महाविद्यालय के वाचनालय में लगभग **100 विद्यार्थियों के बैठने**

**तथा पढ़ने की सुविधा** है । चालू शिक्षा सत्र में महाविद्यालय के पुस्तकालय को अपग्रेड करने के लिए निदेशालय से 2 लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से **सोल सॉफ्टवेयर को अपडेट करवाया गया** तथा **पुस्तकालय के लिए कंप्यूटर, बार कोड प्रिंटर, यूपीएस, काउंटर टेबल, किताबें खरीदकर 198015/- रूपये खर्च करके पुस्तकालय को अपग्रेड किया गया ।**

## खेल-कूद की उपलब्धियां

दिनांक 08.11.2023 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में सातवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 800 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, जेवलिन-थ्रो, डिसकस-थ्रो, स्किप्पिंग रेस, 3 लैग रेस आदि खेलकूद प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया। जिसका प्रबंधन **श्री संदीप कुमार दांगी, सहायक प्रोफेसर हिंदी** ने किया। इसी अवसर पर महाविद्यालय के टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ मेंबर्स के बीच रस्सा कसी का भी आयोजन किया गया जिसमे दोनों टीमें बराबर रही।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ0 सीमा जैन ने किया । श्रीमती मंजू (सरपंच-श्याम पाना) और श्री जितेंदर मुख्य अतिथि रहे । दोनों मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को शॉल भेठ करने उनका हौसला बढ़ाया । खेल कूद प्रतियोगिता के अंत में सरपंच महोदया ने छात्राओं को भविष्य में खेल कूद प्रतियोगिताओं में निरंतर भाग लेने तथा साक्षी मलिक की तरह गांव तथा देश के नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। बी0 ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा **कुमारी शीतल** को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुना गया।

## कंप्यूटर विभाग

महाविद्यालय में छात्राओं को कंप्यूटर तथा सुचना प्रौद्योगिकी सम्बंधित शिक्षा प्रदान करने के लिए कंप्यूटर विभाग बनाया गया है । इस विभाग में एक कंप्यूटर अनुदेशक तथा एक कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कार्यरत हैं। महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब है, जिसमें **35 कंप्यूटर, 15 प्रिंटर तथा 02** बड़ी फोटो कॉपी मशीन हैं। कंप्यूटर लैब के सभी कंप्यूटर नेटवर्किंग के सहारे आपस में जुड़े हुए हैं तथा लैब में सभी कंप्यूटर इंटरनेट से भी जुड़े हुए हैं। कंप्यूटर लैब में **एक प्रोजेक्टर** तथा **एक स्मार्ट क्लास रूम** भी है जिसका प्रयोग करके छात्राओं को पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा दी जाती है।

## मेंटर मेंटी ग्रुप

मेंटरशिप (मेंटर मेंटी ग्रुप) मेंटर्स और उनके शिष्यों के लिए कई लाभ प्रदान कर सकती है। इस संबंध को विकसित करने से दोनों को नई चीजें सीखने, अपना नेटवर्क बनाने और पेशेवर के रूप में विकसित होने में मदद मिल सकती है। इन लाभों को समझने से आपको यह निर्णय लेने में मदद मिल सकती है कि आपको एक सलाहकार ढूंढना है या बनना है।

मेंटर अथवा सलाहकार छात्र-छात्राओं के लिए **ज्ञान के स्रोत के रूप में, लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करने वाला, प्रोत्साहन देने वाला, रचनात्मक प्रतिक्रिया देने वाला, दिशानिर्देश देने वाला** तथा **नि:शुल्क अनुभव देने वाले** व्यक्ति के रूप में कार्य करता है।

महाविद्यालय में मेंटर मेंटी का कार्य **श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी** के सहयोग से कार्य कर रहा है। महाविद्यालय में हर महीने के अंतिम शनिवार को छात्राओं के लिए मेंटर-मेंटी की क्लास लगाई जाती है। इसके लिए महाविद्यालय में पढ़ने वाली समस्त छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया है तथा सभी ग्रुप को एक-एक मेंटर प्रदान किया गया है। मेंटर की भूमिका महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक निभाते हैं। इस दौरान सम्बंधित छात्राओं की करियर, शिक्षा तथा अन्य प्रकार की समस्याएं भी सुनी जाती हैं तथा उनका निवारण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाती है। इसके अलावा मेंटर के द्वारा छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए करियर सम्बंधित गाइडलाइन्स भी दी जाती हैं।

## युथ रेडक्रॉस सेल

महाविद्यालय में युथ रेडक्रॉस सेल **श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के निर्देशन में वर्ष भर सक्रिय रहा। यूथ रेडक्रॉस समिति के द्वारा 27 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में **रोटरी क्लब व ऑक्सीजन हॉस्पिटल, रोहतक** के सहयोग से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 130 व्यक्तियों का हेल्थ चेकअप किया गया व 55 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। दिनांक 12 मार्च, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा में युवा रेड क्रॉस प्रकोष्ठ के द्वारा **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोखरा के सहयोग से स्वास्थ्य जाँच कैंप का आयोजन किया गया**। जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कार्तिक व् उनकी टीम ने छात्राओं व् समस्त स्टाफ सदस्यों के हीमोग्लोबिन की जाँच की। उन्होंने बताया हीमोग्लोबिन एक प्रकार का प्रोटीन है जो लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है। हीमोग्लोबिन में कमी होने के कारण शरीर में खून की मात्रा घट जाती है। खून की मात्रा घटने पर एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। कुछ मामलों में एनीमिया जानलेवा भी साबित हो सकता है। भारत में हीमोग्लोबिन

की कमी एक सामान्य बात है, ऐसा महिलाओं में ख़ास तौर पर होता है। वयस्क पुरुषों में हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर 14 से 18 ग्राम / डीएल होना चाहिए, वहीं महिलाओं में 12 से 16 ग्राम / डीएल के बीच होना चाहिए । शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण अनेक समस्याएं पैदा हो सकती हैं जैसे कि सीने व सिर में दर्द, दिल से जुड़ी बीमारियां,पूरे शरीर में अकड़न और दर्द, पीरियड्स के दौरान अधिक दर्द व किडनी और लिवर की बीमारियां इत्यादि।

स्वास्थ्य टीम के द्वारा छात्राओं को आयरन और फॉलिक एसिड टैबलेट का भी वितरण किया गया। । दिनांक 15 फरवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा में युवा रेड क्रास, प्रकृति व्याख्या केंद्र व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. सीमा जैन के द्वारा किया गया।

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर** विस्तार व्याख्यान के लिए **डॉ कार्तिक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मोखरा** को आमंत्रित किया गया। उन्होंने कृमियों के विभिन्न प्रकार, कृमि रोग के लक्षण, फैलने के कारण व बचाव के उपाय बहुत ही सहज व सरल शैली में विस्तारपूर्वक छात्राओं को समझाए। युथ रेडक्रॉस की काउंसलर श्रीमती सोनिया के साथ छात्राओं ने महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी में महर्षि दयानन्द सरस्वती के जन्म दिवस पर आयोजित प्रोग्राम में हिस्सा लिया ।

## महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ **श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के निर्देशन में वर्षभर सक्रिय रहा । 10 व 11 अक्टूबर 2023 को **दो दिवसीय कुक, टॉक, डाइन कार्यशाला का आयोजन** महिला प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया, जिसमे संस्कृति मॉडल स्कूल, मोखरा से श्रीमती उषा व पूनम हुड्डा ने छात्राओं को अनेकों प्रकार के व्यंजन बनाने व परोसने की विधियां सिखायी।

**करवाचौथ के अवसर पर मेहँदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**, जिसमें कोमल ने प्रथम स्थान, मोनिका व आरती ने द्वितीय तथा सुशीला व् निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

06 नवंबर 2023 को **"व्यक्तितत्व विकास व् संप्रेषण कौशल"** विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर प्रमोद गोरी व् मनीषा गोरी को आमंत्रित किया गया।

15 व 16 जनवरी 2024 को **दो दिवसीय "Self- Grooming" वर्कशॉप का आयोजन किया गया**, जिसमें श्री ब्यूटी पार्लर, महम की संचालिका श्रीमती रश्मि ने छात्राओं को Skin Care, Hair Style व Dressing Style सिखाये। दिनांक 11 मार्च, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा में युवा रेड क्रॉस

तथा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय था "**इंस्पायर इंक्लुजन** " जो कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम भी है। मुख्य वक्ता के रूप में **मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, रोहतक के मार्केटिंग डायरेक्टर जीतेन्द्र व् उनकी टीम** को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर संस्कृति मॉडल स्कूल व् राजकीय कन्या सीनियर सैकण्डरी स्कूल, मोखरा के महिला स्टाफ सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का उत्सव मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के समाज में समानता, समरसता और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना है। इसकी थीम इंस्पायर इंक्लुजन का अर्थ है महिलाओं के महत्व को समझने के लिए लोगों को जागरूक करना।

## सीखो और कमाओ

महाविद्यालय में **सीखो और कमाओ** प्रकोष्ठ **श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के निर्देशन में वर्षभर सक्रिय रहा। सरकार द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को कुछ आर्थिक सहायता देने के लिए "Earn While You Learn Scheme" का आरंभ किया गया है, जिसमें प्रतिदिन 100 रुपया प्रति घंटा मानदेय छात्राओं को दिए जाने की व्यवस्था है। इस सत्र में छह आर्थिक रूप से कमज़ोर व् मेधावी छात्राओं का चयन इस स्कीम के अंतर्गत किया गया तथा 20 हज़ार रुपये आर्थिक सहायता के रूप में इन छात्राओं को प्रदान किये गए।

## सांस्कृतिक गतिविधियां

महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन **श्रीमती सोनिया सहायक, प्रोफेसर इतिहास** तथा **श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी** के सानिध्य में करवाया गया सांस्कृतिक समिति के द्वारा 23 अगस्त 2023 को सत्र 2023-24 के आरंभ में नवागंतुक छात्राओं के लिए **इंडक्शन व प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया**। मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक व हरियाणा ग्रामीण विकास परिषद की अध्यक्ष श्रीमती अनु दांगी व विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा की अभिनेत्री अंजलि हूडा को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कविता पाठ में कुमारी शीतल ने प्रथम, नृत्य में ममता व् भाषण में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिनांक 26 जनवरी, 2024 को साक्षी

मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा **गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।** कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. सीमा जैन के द्वारा किया गया । उन्होंने छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में **समूह नृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य, एकल गायन एवं कविता-पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समूह नृत्य में बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ममता, कविता, पूजा व निधि के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।** समूह गायन में बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं मोनिका, आँचल, सपना व् सुमरन के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। **एकल गायन में मोनिका ने प्रथम**, ममता ने द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । **एकल नृत्य में मोनिका व् ममता ने प्रथम स्थान**, कविता ने द्वितीय और निशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **कविता-पाठ में मोनिका ने प्रथम**, समिता ने द्वितीय और शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 22 व 23 फरवरी को महाविद्यालय के द्वारा **सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान का आयोजन किया गया**, जिसमे प्रथम दिन कविता- पाठ, रंगोली व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दूसरे दिन एकल व समूह नृत्य तथा एकल व समूह गायन का आयोजन किया गया । **मुख्य अथिति के रूप में श्री दीपक धांगड़, नायब तहसीलदार, महम को बुलाया गया** । सभी विजेता छात्राओं को मुख्य अथिति के द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

## एन0 एस0 एस0 सेल

एन0एस0एस0 का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है । **राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य है "नॉट मी बाउट यू"**। सभी युवा स्वयंसेवक जो एन0एस0एस0 के नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने का विकल्प चुनते हैं, एनएसएस बैज को गर्व और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए जिम्मेदारी की भावना के साथ पहनते हैं। **एन0एस0एस0 बैज में कोणार्क व्हील 8 बार होता है, जो दिन के 24 घंटों का संकेत देता है,** पहनने वाले को राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार रहने की याद दिलाता है, यानी 24 घंटे। बैज में लाल रंग एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों द्वारा प्रदर्शित ऊर्जा और भावना को दर्शाता है। नीला रंग उस ब्रहमांड को दर्शाता है, जिसमें एन0एस0एस0 एक छोटा सा हिस्सा है, जो मानव जाति के कल्याण के लिए अपना योगदान देने के लिए तैयार है।

महाविद्यालय में एन0एस0एस0 इकाई **डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल** के कुशल मार्गदर्शन में वर्ष भर सक्रिय रही तथा डॉ0 विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल के नेतृत्व में

अपना कार्य पूरी लगन के साथ कर रही है । दिनांक 29.09.2023 को महाविद्यालय में **एन0एस0एस0 यूनिट का एक दिवसीय कैंप लगाया गया** जिसमे एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की और कैंप के दौरान बहुत ही अनुशासित ढंग से कर्तव्य निष्ठापूर्वक कार्य किया । दिनांक 01.10.2023 को महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक के द्वारा **महात्मा गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया**, जिसमें महाविद्यालय की 17 छात्राओं ने भाग लिया । दिनांक 13.10.2023 को महाविद्यालय में एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाओं के द्वारा **"खादी महोत्सव" तथा "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम का आयोजन किया गया** । इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को भारतीय संस्कृति से परिचित करवाया गया और छात्राओं को बताया गया कि खादी स्वतंत्रता संग्राम का वस्त्र है और महात्मा गाँधी ने बेरोजगार ग्रामीण आबादी को रोजगार प्रदान करने के साधन के रूप में खादी की अवधारणा विकसित की थी । इसके अलावा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से देश के बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान किया गया । खादी महोत्सव के दौरान महाविद्यालय में **02.10.2023 से 31.10.2023 तक लेक्चर, खादी फिल्म, खादी बैनर, प्लेज, पोस्टर कम्पटीशन एस्से राइटिंग कम्पटीशन, खादी क्विज आदि एक्टिविटी करवाई गई ।**

दिनांक 31.10.2023 को महाविद्यालय में **एन0एस0एस0 यूनिट के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया** । इस कार्यक्रम के दौरान डॉ विनोद कुमार के द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होंने सरदार पटेल के राष्ट्रीय आंदोलन में और भारत के एकीकरण में उनके योगदान की चर्चा की । दिनांक 21.11.2023 को महाविद्यालय में एन0एस0एस0 यूनिट के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की ।

दिनांक **22.01.2024 से 28.01.2024 के मध्य महाविद्यालय में एक सप्ताह के कैंप का आयोजन किया गया** । इस एक सप्ताह के कैंप के दौरान महाविद्यालय में हर दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके अंतर्गत **22.01.2024 को समाज हित और पर्यावरण विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर, 23.01.2024 को नशे की बढ़ती समस्या नामक विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर, 24.01.2024 को महिला सशक्तिकरण विषय पर लेक्चर तथा योगाभ्यास, 25.01.2024 को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर, 26.01.2024 को गणतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में धव्जारोहण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 27.01.2024 को क़ानूनी चेतना बढ़ाने और न्याय पालिका की समझ विकसित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।** दिनांक **28.01.2024 को एन0एस0एस0 कैंप के समापन समारोह में प्रोफेसर (डॉ) तिलक राज**

**एन0एस0एस0 कोऑर्डिनेटर, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक को मुख्य अथिति के रूप में बुलाया गया । इस दौरान महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा अंत में पूरे सप्ताह के एन0एस0एस0 कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली एन0एस0एस0 वालंटियर्स को बेस्ट वालंटियर, बेस्ट कैंपर, बेस्ट लीडर, बेस्ट स्पीकर, बेस्ट परफ़ॉर्मर आदि के रूप में सम्मानित किया गया ।**

## प्लेसमेंट सेल

प्लेसमेंट सेल किसी भी शिक्षण संस्थान का एक महत्वपूर्ण अंग होता है । प्लेसमेंट सेल का मुख्य कार्य विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को पर्याप्त ट्रेनिंग प्रदान करना, भविष्य में मिलने वाली नौकरी की संभावनाओं के लिए तैयार करना, विद्यार्थियों में कम्युनिकेशन स्किल्स विकसित कारण, विद्यार्थियों का आचरण निर्माण करना आदि हैं । प्लेसमेंट सेल में मिलने वाले इन दिशानिर्देशों पर पूरी तरह से अमल करना स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है और इसी से उनके करियर को एक दिशा मिलती है।

इस महाविद्यालय में भी एक प्लेसमेंट सेल है जोकि **डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल** की अधीनता में कर करती है। दिनांक 19.10.2023 को महाविद्यालय में **दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया**। कार्यशाला के प्रथम दिन **डॉ अनिल अहलावत, कृषि वैज्ञानिक, हरियाणा सरकार के दवारा छात्राओं को हरित क्रांति के प्रभाव और चुनौतियों विषय पर छात्राओं को जानकारी दी गई** जबकि दूसरे दिन **डॉ सोमवीर सहायक प्रोफेसर भूगोल** तथा **डॉ बिजेन्दर सिंह सहायक प्रोफेसर ने अपने विचार रखे** । दिनांक 16.02.2024 को महाविद्यालय में **प्लेसमेंट सेल के अधीन वीमेन हरासमेंट और करियर इन लॉ विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ रोशनी देवी, अस्सिटेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, कार्यालय, जनरल मैनेजर, हरियाणा राज्य परिवहन झज्जर के रिसोर्स पर्सन के तौर पर बुलाया गया** । डॉ रोशनी देवी ने कार्यस्थल पर होने वाले मानसिक और शारीरिक हरासमेंट को परिभाषित किया तथा उससे निपटने के लिए छात्राओं को जागरूक किया ।

## इंग्लिश लैंग्वेज लैब

इंग्लिश लैंग्वेज लैब में शिक्षार्थियों को उनकी अंग्रेजी सुधारने में मदद मिलती है, किसी भी भाषा में दक्षता हासिल करने के लिए लगातार सुनना, बोलना और अभ्यास करना आवश्यक है इसलिए

इंग्लिश लैंग्वेज लैब को कुछ इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि विद्यार्थी ऑडियो विज़ुअल ऐड और सॉफ्टवेयर की सहायता से अंग्रेजी भाषा सुनकर तथा लगातार अभ्यास करके अंग्रेजी भाषा में महारथ हासिल कर सकें । इस महाविद्यालय में 2019 में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के द्वारा इंग्लिश लैंग्वेज लैब की स्थापना की गई **इस लैब में 20 कंप्यूटर तथा एक स्मार्ट क्लासरूम है** इस लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों का अंग्रेजी भाषा का उच्चारण सुधारना है ।

## छात्रवृति

छात्रवृति एक प्रकार की आर्थिक सहायता को कहते हैं, जिसे विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा में आर्थिक रूप से सहायता एवं मानसिक रूप से प्रोत्साहन हेतु प्रदान की जाती है। इसे प्रदान करने का आधार मुख्य रूप से मेधावी अथवा निर्धन विद्यार्थियों से होता है। आम तौर पर, छात्रवृत्तियां शैक्षणिक योग्यता, विविधता और समावेशन, वित्तीय आवश्यकता जैसे मानदंडों के एक सेट के आधार पर प्रदान की जाती हैं। महाविद्यालय के द्वारा पढ़ने वाली छात्राओं को सत्र 2023-24 निम्नलिखित छात्रवृतियां प्रदान की गई है:-

| **क्रम संख्या** | **छात्रवृत्ति स्कीम का नाम** | **कुल छात्राओं को छात्रवृत्ति बांटी गई** |
|---|---|---|
| 01 | कंसोलिडेटेड स्टाईफण्ड स्कीम SC | 61 |
| 02 | पोस्ट मेट्रिक स्कालरशिप BC | 12 |
| 03 | स्टेट मेरिट स्कालरशिप UG गर्ल्स Fresh | 03 |
| 04 | स्टेट मेरिट स्कालरशिप UG गर्ल्स Renewal | 06 |
| 05 | हरियाणा स्टेट मेरिटोरियस इंसेंटिव स्कालरशिप | 02 |
| | कुल छात्रवृत्तियां | 84 |

महाविद्यालय में छात्रवृतियों से सम्बंधित कार्य नोडल अधिकारी **श्री ईश्वर सिंह व श्री कृष्ण यादव** के मार्गदर्शन में किया जाता है ।

## लीगल लिटरेसी सेल

लीगल लिटरेसी सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना है। इसमें बताया जाता है कि कोई कानून से ऊपर नहीं होता और कानून सबकी समान रूप से रक्षा करता है। हमारी दिनचर्या से जुड़े सभी काम किसी नियम या "कानून" के आधार पर

ही चलते हैं। यदि हमें कानून की जानकारी है तो कोई हमें बिना वजह परेशान नहीं कर सकता और हमारे जो भी हक हैं उन्हें कोई छीन भी नहीं पायेगा । महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी सेल का कार्यभार **श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के पास है । दिनांक 16.02.2024 को महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी सेल के अधीन वीमेन हरासमेंट और करियर इन लॉ विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर **डॉ रोशनी देवी, अस्सिटेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, कार्यालय, जनरल मैनेजर, हरियाणा राज्य परिवहन झज्जर** को रिसोर्स पर्सन के तौर पर बुलाया गया । डॉ रोशनी देवी ने कार्यस्थल पर होने वाले मानसिक और शारीरिक हरासमेंट को परिभाषित किया तथा उससे निपटने के लिए छात्राओं को जागरूक किया ।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23

| कक्षा सेमेस्टर | छात्राओं की संख्या | परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या | उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या | महाविद्यालय उत्तीर्ण % | वि0वि0 उत्तीर्ण % | अधिक या कम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **हिंदी** | | | |
| प्रथम | 68 | 65 | 65 | 100 | 63.89 | +36.11 |
| द्वितीय | 68 | 64 | 60 | 93.75 | 65.16 | +28.59 |
| तृतीय | 92 | 88 | 51 | 57.95 | 65.40 | -7.45 |
| चतुर्थ | 92 | 87 | 56 | 64.36 | 69.25 | -4.89 |
| पांचवा | 59 | 58 | 53 | 91.37 | 78.97 | +12.4 |
| छठा | 59 | 58 | 57 | 98.27 | 83.13 | +15.14 |
| **कक्षा सेमेस्टर** | **छात्राओं की संख्या** | **परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या** | **उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या** | **महाविद्यालय उत्तीर्ण %** | **वि0वि0 उत्तीर्ण %** | **अधिक या कम** |
| | | | **अंग्रेजी** | | | |
| द्वितीय | 68 | 64 | 56 | 87.50 | 66.44 | +21.06 |
| चतुर्थ | 92 | 88 | 46 | 52.27 | 64.85 | -12.58 |
| छठा | 59 | 58 | 37 | 63.79 | 81.09 | -17.3 |
| **कक्षा सेमेस्टर** | **छात्राओं की संख्या** | **परीक्षा देने वाली** | **उत्तीर्ण छात्राओं** | **महाविद्यालय उत्तीर्ण %** | **वि0वि0 उत्तीर्ण %** | **अधिक या कम** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्राओं की संख्या | की संख्या | | | |
| **इतिहास** | | | | | | |
| प्रथम | 43 | 42 | 42 | 100 | 54.59 | +45.41 |
| द्वितीय | 43 | 42 | 33 | 78.57 | 63.98 | +14.59 |
| तृतीय | 56 | 52 | 52 | 100 | 67.99 | +32.01 |
| चतुर्थ | 56 | 52 | 48 | 92.30 | 62.16 | +30.14 |
| पांचवा | 48 | 48 | 48 | 100 | 76.76 | +23.24 |
| छठा | 48 | 48 | 47 | 97.91 | 78.69 | +19.22 |
| **कक्षा सेमेस्टर** | **छात्राओं की संख्या** | **परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या** | **उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या** | **महाविद्यालय उत्तीर्ण %** | **वि0वि0 उत्तीर्ण %** | **अधिक या कम** |
| **भूगोल** | | | | | | |
| प्रथम | 35 | 33 | 29 | 87.87 | 64.13 | +23.74 |
| द्वितीय | 35 | 33 | 19 | 57.57 | 55.53 | +2.04 |
| तृतीय | 49 | 48 | 47 | 97.91 | 61.35 | +36.56 |
| चतुर्थ | 49 | 44 | 38 | 86.36 | 62.61 | +23.75 |
| पांचवा | 26 | 25 | 25 | 100 | 80.08 | +19.92 |
| छठा | 26 | 25 | 25 | 100 | 78.01 | +21.99 |
| **कक्षा सेमेस्टर** | **छात्राओं की संख्या** | **परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या** | **उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या** | **महाविद्यालय उत्तीर्ण %** | **वि0वि0 उत्तीर्ण %** | **अधिक या कम** |
| **राजनीतिक शास्त्र** | | | | | | |
| प्रथम | 56 | 53 | 26 | 49.05 | 58.87 | -10.82 |
| द्वितीय | 56 | 52 | 45 | 86.53 | 63.13 | +23.4 |
| तृतीय | 79 | 76 | 63 | 82.89 | 67.10 | +15.79 |
| चतुर्थ | 79 | 76 | 73 | 96.05 | 75.95 | +20.1 |
| पांचवा | 44 | 43 | 36 | 83.72 | 78.38 | +5.34 |
| छठा | 44 | 43 | 43 | 100 | 84.26 | +15.74 |

## एलुमनाई एसोसिएशन

किसी भी महाविद्यालय के विकास में एलुमनाई एसोसिएशन की बहुत बड़ी भूमिका होती हैं। एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्य महाविद्यालय के सतम्भ होते हैं क्योंकि वे भावनात्मक रूप से महाविद्यालय के साथ जुड़े होते हैं। एलुमनाई किसी भी शिक्षण संस्थान की बहुत बड़ी अड्वॅरटाइजमेन्ट होते हैं। किसी भी संस्थान की गुणवत्ता का अन्दाजा उसमे पढ़े हुए एलुमनाई से लगाया जा सकता हैं क्योंकि कोई भी शिक्षण संस्थान समाज में वहां पढ़े हुए विद्यार्थियों के माध्यम से झलकता हैं।इस महाविद्यालय में भी एक एक्टिव एलुमनाई सेल हैं जोकि **डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल** की अध्यक्षता में काम करती हैं।

दिनांक 23.02.2024 को महाविद्यालय में **तीसरी एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया**, जिसमे **श्री दीपक धांगड़, नायब तहसीलदार महम को मुख्य अथिति के रूप में बुलाया गया**। इस अवसर पर महाविद्यालय में पढ़ी पूर्व छात्राओं के अलावा गांव मोखरा के सरपंचों, राजकीय मोडल संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल व स्टाफ, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय मोखरा के प्रिंसिपल व स्टाफ आदि को बुलाया गया था। इस दौरान महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## विभाग तथा विभागीय गतिविधियां

शैक्षणिक विभागों का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान की प्रकृति की समझ में सुधार करना है। यह समयबद्ध तरीके से निर्धारित पाठ्यक्रमों का व्यापक कार्यक्रम प्रदान करता है। विभागों का गठन सम्बंधित शिक्षकों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक, अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का खाका तैयार करके उसको लागु करना है। इस महाविद्यालय में निम्नलिखित विभाग हैं:-

**हिंदी साहित्य विभाग:-** महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अध्यक्ष श्री संदीप कुमार हैं। महाविद्यालय में हिंदी विभाग में श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर की अध्यक्षता में 14 नवंबर को **हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया**। दिनांक **17.10.2023 को हिंदी विभाग के द्वारा दहेज़ प्रथा, पर्यावरण प्रदूषण की समस्या, आधुनिक युग में योग का महत्त्व आदि विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

**अंग्रेजी साहित्य विभाग:-** महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में कोई भी प्राध्यापक कार्यरत नहीं हैं।

**भूगोल परिषद:-** महाविद्यालय में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार हैं । दिनांक 22.09.2023 को इस महाविद्यालय में भूगोल विभाग के **अधीन विषुव दिवस के उपलक्ष्य में डॉ विनोद कुमार द्वारा पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से लेक्चर दिया गया ।** दिनांक 25.10.2023 को भूगोल विभाग के अधीन **अंतर्राष्ट्रीय ओजोन संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में 02 लेक्चर का आयोजन किया गया** जिसमें **कुमारी नीरज सहायक प्रोफेसर MKJK रोहतक तथा डॉ विनोद कुमार के द्वारा पर्यावरण तथा ओजोन संरक्षण विषय पर लेक्चर दिया गया ।** दिनांक 19.10.2023 को भूगोल विभाग के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में **डॉ अनिल अहलावत, कृषि वैज्ञानिक, हरियाणा सरकार के द्वारा छात्राओं को हरित क्रांति के प्रभाव और चुनौतियों विषय पर छात्राओं को जानकारी दी गई ।** दिनांक 28.11.2023 को भूगोल विभाग के अधीन **जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा जीवन में प्लास्टिक के कम प्रयोग विषयों पर लेक्चर का आयोजन किया गया** इसके अलावा छात्राओं को उक्त मुद्दों पर शिक्षा देने के लिए को **शार्ट मूवीज भी दिखाई गई ।** दिनांक 02.02.2024 को भूगोल विभाग के अधीन **एग्रीकल्चर, इंडस्ट्रीज, शहरीकरण प्रदूषण आदि विषयों पर ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया** जिसमे छात्राओं को अलग-अलग ग्रुप में बांटकर विभिन्न मुद्दों पर ग्रुप डिस्कशन करवाया गया ।

**इतिहास विभाग:-** महाविद्यालय में इतिहास विभाग में श्री ईश्वर सिंह तथा श्रीमती सोनिया कार्यरत हैं । दिनांक 25.10.2023 को इस महाविद्यालय में **इतिहास विभाग के तत्वाधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस से सम्बंधित लेक्चर का आयोजन किया गया** जिसकी अध्यक्षता इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री ईश्वर सिंह ने की । इस अवसर पर श्री ईश्वर सिंह ने छात्राओं को **संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, उसकी भाषाओं तथा उसके प्रमुख अंगों के बारे में विस्तार से बताया ।** दिनांक 02.04.2024 को इस महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वाधान में और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने मिलकर **"हमारी विरासत एक झलक" कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे मध्यकालीन भारत में ग्रामीणों के द्वारा जीवन में प्रयोग होने वाली वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी गई ।**

**राजनीतिक शास्त्र विभाग:-** महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र विभाग की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता धनखड़ हैं ।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह तथा दीक्षांत समारोह

दिनांक 23.02.2024 को महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे श्री दीपक धांगड़, नायब तहसीलदार महम को मुख्य अथिति के रूप में बुलाया गया। यह प्रोग्राम महाविद्यालय के सेमिनार भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गांव मोखरा के सरपंचों, राजकीय मोडल संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल व स्टाफ, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय मोखरा के प्रिंसिपल व स्टाफ आदि को विशिष्ट अथिति के तौर पर बुलाया गया। इस दौरान दीक्षांत समारोह के उपरांत महाविद्यालय में **समूह गीत, एकल गीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों** का भी आयोजन किया गया। वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली **छात्राओं को मुख्य अथिति के दवारा सम्मानित किया गया**। इस अवसर पर महाविद्यालय **प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को शोकेस किया तथा डॉ विनोद कुमार ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से महाविद्यालय को प्रदर्शित किया।**

## शिक्षा-सत्र 2023-24 में महाविद्यालय की उपलब्धियां

1. शिक्षा सत्र 2023-24 में महाविद्यालय में **CCTV** इनस्टॉल करवाए गए जिसके माध्यम से महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्य आसान हो सके।
2. महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब में 02, लाइब्रेरी में 04 तथा सेमिनार हॉल 02 में **AC इनस्टॉल करवाए गए।**
3. महाविद्यालय कैंपस में **स्ट्रीट लाइटें** लगवाई गई।
4. महाविद्यालय का लोगो बनवाया गया और महाविद्यालय को UGC 2F की रिकग्निशन मिली।
5. महाविद्यालय के पूरे भवन में **फायर अलार्म लगवाए गए** ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की स्थिति में भरी जानमाल की हानि से बचा जा सके।
6. महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में आपसी समन्वय स्थापित करने के लिए **इण्टरकॉम इनस्टॉल** करवाए गए।
7. महाविद्यालय भवन की **चारदीवारी के निर्माण, व्हीकल सैड के निर्माण, सेमिनार हाल को इको-फ्रेंडली बनाने** के लिए सरकार से 163.32 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हो चुकी हैं जिसका काम जल्द ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

8. ग्रामीण अंचल में स्थित होने के चलते बिजली की समस्या से निजात पाने के लिए महाविद्यालय में सोलर पैनल लगाने का कार्य प्रोसेस में हैं । जल्द ही महाविद्यालय में **28 किलोवाट का सोलर पैनल इनस्टॉल** किया जायेगा ।
9. सत्र 2024 से महाविद्यालय में पहली बार पत्रिका **"साक्षी" प्रकाशन और विमोचन** किया गया ।
10. महाविद्यालय के पुस्तकालय में सत्र 2023-24 से **सोल सॉफ्टवेयर (Soul Software) इनस्टॉल** करके पहली बार ऑनलाइन माध्यम से पुस्तके इशू करना प्रारम्भ किया गया ।
11. महाविद्यालय में **हर्बल कार्नर एवं किचन गार्डन** मेन्टेन करने का प्रयास किया गया ।
12. महाविद्यालय में दिनांक 27.10.2023 को रक्त दान शिविर लगाया गया ।
13. महाविद्यालय में दिनांक 10.01.2024 को मल्टीडिसीप्लीनरी राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

1. श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 12.07.2023 को **"1857 की क्रांति में महिलाओं की भूमिका-एक विश्लेषण"** विषय पर शोधपत्र प्रकाशित करवाया ।
2. दिनांक 23.08.2023 को श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में **"टैलेंट हंट एंड इंडक्शन प्रोग्राम"** का सफल आयोजन किया ।
3. दिनांक 08.11.2023 को श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में **"सातवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता"** का सफल आयोजन किया ।
4. संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने दिनांक 10.01.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में एंक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में **"ग्रामीण विस्थापन की समस्या एवं संभावनाएं"** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया । उनके सहयोग के लिए प्रसंशा-पत्र से नवाजा गया ।
5. श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने **"नई शिक्षा नीति 2020 संभावनाएं एवं चुनौतियां"** विषय पर शोधसागर में शोधपत्र प्रकाशित करवाया ।
6. श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने दिनांक 10.01.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में टेक्निकल सेशन की अध्यक्षता की ।

7. श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने दिनांक 10.01.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में प्रबंधक (Organizing Secretary) की भूमिका निभाई ।
8. श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 10.01.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में **"प्राचीन भारत में महिलाओं के सम्पति सम्बन्धी अधिकार-एक विवेचन"** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
9. श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 10.01.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में टेक्निकल सेशन में को-चेयर की भूमिका निभाई ।
10. श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 07.02.2024 को वैश्य महाविद्यालय भिवानी में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में **"वैश्वीकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव"** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
11. श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 22.02.2024 को बनवारी लाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय तोशाम भिवानी में 02 दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में **"भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा की पत्रकारिता की भूमिका का अध्ययन एवं विश्लेषण"** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
12. श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 02.03.2024 को पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय रोहतक में NEP-2020 विषय पर आयोजित एक दिवसीय जिला सत्र की वर्कशॉप में भाग लिया ।
13. श्रीमती सुनीता धनखड़ सहायक प्रोफेसर राजनीतिक शास्त्र ने सोनीपत में आयोजित नेशनल सेमिनार में भाग लिया ।
14. श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने दिनांक 14.03.2024 से 15.03.2024 को आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी में 02 दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस में **"महिला सशक्तिकरण में आत्मनिर्भर भारत का योगदान"** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया ।
15. डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल के द्वारा **वाटर सैनिटेशन एंड हाइजीन: नेवेर ऑफ शूट इन द डिबेट ऑन फ़ूड-पापुलेशन बैलेंस इन जियोग्राफी** विषय पर **वालनट पब्लिकेशन इंडिया** में बुक पब्लिश करवाई गई ।

16.डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल के द्वारा **सुटेबिलिटी ऑफ़ ग्राउंडवाटर फॉर इरीगेशन: ए स्पेशल एनालिसिस विथ रिफरेन्स टू रोहतक डिस्ट्रिक्ट** विषय पर एडिटेड बुक में चैप्टर प्रकाशित करवाया गया ।

17.डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल के द्वारा **रूरल डेवलपमेंट इन इंडिया: ए मल्टी फेसटेड एप्रोच एंड इट्स लर्निंग** विषय पर पब्लिश करवाया जा रहा है जोकि अंडर पब्लिकेशन है ।

18.डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल की अध्यक्षता में दिनांक **22.01.2024 से 28.01.2024 के मध्य महाविद्यालय में एक सप्ताह के कैंप का आयोजन किया गया** । इस एक सप्ताह के कैंप के दौरान महाविद्यालय में हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

19.डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल ने दिनांक 10.01.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में कन्वीनर की भूमिका निभाई ।

20.डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल के लाइब्रेरी समिति के कन्वीनर रहते हुए महाविद्यालय लाइब्रेरी को अपग्रेड किया गया । अभी सभी पुस्तकें ऑटोमेटेड तथा ऑनलाइन माध्यम से इशू होती हैं

# आभार ज्ञापन

यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय हैं कि **श्री दीपक धांगड़ जी** ने हमारे निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करके हमें कृतज्ञ किया । आपकी विशद एवं प्रगतिशील विचारधारा से हमारी छात्राएं निश्चित रूप से लाभान्वित होंगी

मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से **माननीय निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा** के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ । रोहतक मंडल के **आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) महम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान, भवन, विद्युत् एवं जल के सभी अभियन्तागण एस0 डी0 ओ0 तथा जे0 ई0** हमारे आभार के पात्र हैं ।

इस समारोह के अवसर पर **मैं महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्रध्यापकवृंद तथा सभी कर्मचारिगणों का आभार व्यक्त करती हूँ**, जिन्होंने अपने कर्त्तव्य को पुराण निष्ठा से निभाया हैं । जिन छात्राओं ने अनुशासन में रहते हुए शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्लाघनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने के दायित्व कुशलतापूर्वक निभाने के लिए **श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी विभाग** का भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ। इसके अतिरिक्त मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिसने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

अंत में मैं एक बार पुनः आज के समारोह के **मुख्य अथिति महोदय एवं उपस्थित महानुभावों का** हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ ।

**डॉ (श्रीमती) सीमा जैन**

**एच.ई.एस.-I**

**प्राचार्या**

**साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय**

**मोखरा (रोहतक)**

**23.02.2024**